दिनांक-..9...01.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में बुद्धा सम्यक् दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप वैशाली परिसर में High Relief Composition of Amrapali and Buddhist Pottery के लिए कलाकार का चयन एवं दर अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही:-

01. भवन निर्माण विभाग, बिहार सरकार के महत्वपूर्ण भवनों में कलाकृतियों के अधिष्ठापन के लिए कलाकार एवं दर निर्धारण हेतु अन्तर्विभागीय समिति का गठन विभागीय संकल्प ज्ञापांक 11215(भ0) दिनांक 13.12.2017 द्वारा की गई है।

02. अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना का पत्रांक-258 अनु0 दिनांक-19.06.2025 के द्वारा समर्पित किये गये प्रस्ताव के अनुसार बुद्धा सम्यक् दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप वैशाली परिसर में High Relief Composition of Amrapali and Buddhist Pottery के लिए कांस्य एवं तांबा का प्रतिमा स्थापित किया जाना है। प्रस्तावित कलाकृति Metal work के Relief work के रूप में किया जाना है, जिसका कुल क्षेत्रफल 169.6sqft है।

03. उपरोक्त प्रावधानानुसार बुद्धा सम्यक् दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप वैशाली परिसर में High Relief Composition of Amrapali and Buddhist Pottery के लिए कांस्य एवं तांबा का प्रतिमा के लिए श्री प्रदीप कुमार, पटना, श्री विनय कुमार, पटना एवं श्री रजत घोष, पटना से मूर्तिकला के निर्माण कार्य हेतु प्रस्ताव (दर) प्राप्त किया गया। शिल्पकार श्री रजत घोष द्वारा न्यूनतम प्राक्कलित कुल दर ₹71,49,000/- (एकहत्तर लाख उनचास हजार रूपये) मात्र (निर्माण, सामग्री, परिवहन सहित) दर उनकी सहमति प्रदान की गई है।

04. अन्तर्विभागीय समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि शिल्पकार श्री रजत घोष, कुनकुन सिंह लेन, महेन्द्रु, पटना से प्रस्तावित प्रतिमाओं का निर्माण कराया जाय एवं इसके लिए उपरोक्त उद्धृत दर (सभी कर सहित) का अनुमोदन करने हेतु अनुंशसा की गयी। राशि भुगतान की प्रक्रिया विभाग में पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही होगी। शिल्पकार श्री रजत घोष के स्थानीय होने के कारण अधिष्ठापन के समय कलाकार तथा उनके सहयोगी को पटना आने-जाने का यात्रा व्यय, परिवहन तथा स्थानीय आवासन उपलब्ध नहीं कराया जायेगा।

05. विभागीय संकल्प ज्ञापांक-11215(भ0) दिनांक-13.12.2017 के आलोक में उक्त कलाकृति कार्यों हेतु की गई अनुशंसा पर सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित करने का निर्णय लिया गया।

06. **<u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-</u>**

बुद्धा सम्यक् दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप वैशाली परिसर में High Relief Composition of Amrapali and Buddhist Pottery के लिए कलाकार का चयन एवं दर अनुमोदन हेतु दिनांक-08.09.2025 को अंतर्विभागीय समिति की बैठक में की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है।

07. विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर डाली जाये।

(विकास कुमार पाण्डेय)	(रामाज्ञा कुमार)	(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)	(कुमार रवि)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार	मुख्य अभियंता(उत्तर)	अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना।	सचिव
भ0नि0वि0, पटना।	भ0नि0वि0, पटना।		भ0नि0वि0, पटना।

मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय

भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक- भ0उ0वि0/यो0(मुज0) विशेष-34/2022 अंश-5 250 पटना, दिनांकः- 07/1/2026

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता (उत्तर)।